CDS Exam (I) 2019

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : DFGT–S–HTG** | **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या

1213493

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य ज्ञान

**समय : दो घण्टे** | **पूर्णांक : 100**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ** न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

1. हेनरी टी० कोलब्रुक निम्नलिखित में से किस संस्थान में संस्कृत के प्रोफेसर थे?

(a) फोर्ट विलियम कॉलेज

(b) श्रीरामपुर मिशन

(c) काशी विद्यापीठ

(d) एशियाटिक सोसाइटि

2. दक्कन कृषक राहत अधिनियम, 1879 को निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के साथ अधिनियमित किया गया था?

(a) बेदख़ल किए गए खेतिहरों को ज़मीन वापस लौटाना

(b) सामाजिक एवं धार्मिक अवसरों पर किसानों को वित्तीय सहायता सुनिश्चित करना

(c) ऋणग्रस्तता वाली ज़मीन की बिक्री, बाहरी व्यक्तियों को किए जाने पर प्रतिबंध लगाना

(d) दिवालिया खेतिहरों को कानूनी सहायता प्रदान करना

3. ब्रिटिश सरकार द्वारा दामिन-इ-कोह का निर्माण निम्नलिखित में से किस समुदाय को बसाने के लिए किया गया था?

(a) संथाल

(b) मुंडा

(c) ओरोंस (उराँव)

(d) सोरा (साओरा)

4. परिसीमा कानून, जो ब्रिटिश द्वारा 1859 में पारित किया गया था, निम्नलिखित में से किस विषय को संबोधित करता है?

(a) ऋण अनुबंध-पत्रों की कोई कानूनी वैधता नहीं होगी।

(b) साहूकार और रैयत (किसानों) के मध्य हस्ताक्षरित ऋण अनुबंध-पत्रों की वैधता केवल तीन वर्ष के लिए होगी।

(c) भूमि अनुबंध-पत्र साहूकारों द्वारा निष्पादित नहीं किए जा सकेंगे।

(d) ऋण अनुबंध-पत्रों की वैधता दस वर्षों के लिए होगी।

5. 1857 के विद्रोह के दिनों में इनमें से किसे 'डंका शाह' के नाम से जाना जाता था?

(a) शाह मल

(b) मौलवी अहमदुल्लाह शाह

(c) नाना साहिब

(d) तात्या टोपे

6. 1856 का सारांश (समरि) समझौता निम्नलिखित में से किस पूर्वधारणा पर आधारित है?

(a) ताल्लुकेदार भूमि के वैध स्वामी थे।

(b) ताल्लुकेदार दस्तंदाज़ थे, जिनका भूमि में कोई स्थायी पण नहीं था।

(c) ताल्लुकेदार खेतिहरों को भूमि से बेदख़ल कर सकते थे।

(d) जो राजस्व राज्य के पास जाता था, ताल्लुकेदार उसका एक भाग लेते थे।

1. Henry T. Colebrooke was a Professor of Sanskrit in which one of the following institutions?

   *(a)* Fort William College

   *(b)* Serampore Mission

   *(c)* Kashi Vidyapith

   *(d)* Asiatic Society

2. The Deccan Agriculturalists' Relief Act of 1879 was enacted with which one of the following objectives?

   *(a)* Restore lands to the dispossessed peasants

   *(b)* Ensure financial assistance to peasants during social and religious occasions

   *(c)* Restrict the sale of land for indebtedness to outsiders

   *(d)* Give legal aid to insolvent peasants

3. The Damin-i-Koh was created by the British Government to settle which one of the following communities?

   *(a)* Santals

   *(b)* Mundas

   *(c)* Oraons

   *(d)* Saoras

4. The Limitation Law, which was passed by the British in 1859, addressed which one of the following issues?

   *(a)* Loan bonds would not have any legal validity.

   *(b)* Loan bonds signed between money-lender and Ryots would have validity only for three years.

   *(c)* Land bonds could not be executed by moneylenders.

   *(d)* Loan bonds would have validity for ten years.

5. Who among the following was known during the days of the Revolt of 1857 as 'Danka Shah'?

   *(a)* Shah Mal

   *(b)* Maulavi Ahmadullah Shah

   *(c)* Nana Sahib

   *(d)* Tantia Tope

6. The Summary Settlement of 1856 was based on which one of the following assumptions?

   *(a)* The Talukdars were the rightful owners of the land.

   *(b)* The Talukdars were interlopers with no permanent stakes in the land.

   *(c)* The Talukdars could evict the peasants from the lands.

   *(d)* The Talukdars would take a portion of the revenue which flowed to the State.

**7.** 1990 में अंतरराज्यीय परिषद् का प्रतिष्ठापन किस आयोग की संस्तुति पर किया गया था?

*(a)* पुंछी आयोग

*(b)* सरकारिया आयोग

*(c)* राजमन्नार आयोग

*(d)* मुंगेरीलाल आयोग

**8.** किसी न्यायालय अथवा न्यायाधिकरण के आदेश को रद्द करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी रिट जारी की जाती है?

*(a)* परमादेश

*(b)* प्रतिषेध

*(c)* अधिकार-पृच्छा (क्वो वारंटो)

*(d)* उत्प्रेषण

**9.** भारत के संविधान की आधारभूत संरचना में परिवर्तन करने की शक्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह संसद की संशोधन करने की शक्ति के विस्तार (परिधि) से परे है।
2. यह जनता के द्वारा संविधान सभा में प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रयोग किया जा सकता है।
3. यह संसद की संविधानी शक्तियों के अंतर्गत शामिल है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 3

*(b)* 1 और 2

*(c)* केवल 1

*(d)* 2 और 3

**10.** जब आपातकाल की उद्घोषणा प्रचालन (ऑपरेशन) में हो, तब निम्नलिखित में से किसे अपवादस्वरूप **छोड़कर** सभी मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिए न्यायालय में जाने का अधिकार निलंबित रहता है?

*(a)* अनुच्छेद 20 और अनुच्छेद 21

*(b)* अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 22

*(c)* अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 20

*(d)* अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16

**11.** भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद यह निर्धारित करता है कि राज्य कोष से सम्पोषित कुओं, तालाबों एवं स्नान-घाटों का प्रयोग करने से किसी भी नागरिक को वंचित नहीं किया जा सकता है?

*(a)* अनुच्छेद 14

*(b)* अनुच्छेद 15

*(c)* अनुच्छेद 16

*(d)* अनुच्छेद 17

**12.** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति संघ को इनमें से किसने स्थापित किया?

*(a)* ज्योतिबा फूले

*(b)* पेरियार

*(c)* बी॰ आर॰ अम्बेडकर

*(d)* एम॰ के॰ करुणानिधि

7. The Inter-State Council was set up in 1990 on the recommendation of

(a) Punchhi Commission

(b) Sarkaria Commission

(c) Rajamannar Commission

(d) Mungerilal Commission

8. Which among the following writs is issued to quash the order of a Court or Tribunal?

(a) Mandamus

(b) Prohibition

(c) Quo Warranto

(d) Certiorari

9. Which among the following statements about the power to change the basic structure of the Constitution of India is/are correct?

1. It falls outside the scope of the amending powers of the Parliament.

2. It can be exercised by the people through representatives in a Constituent Assembly.

3. It falls within the constituent powers of the Parliament.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 3

(b) 1 and 2

(c) 1 only

(d) 2 and 3

10. When a Proclamation of Emergency is in operation, the right to move a Court for the enforcement of all Fundamental Rights remains suspended, ***except***

(a) Article 20 and Article 21

(b) Article 21 and Article 22

(c) Article 19 and Article 20

(d) Article 15 and Article 16

11. Which one of the following Articles of the Constitution of India lays down that no citizen can be denied the use of wells, tanks and bathing Ghats maintained out of State funds?

(a) Article 14

(b) Article 15

(c) Article 16

(d) Article 17

12. Who amongst the following organized the All India Scheduled Castes Federation?

(a) Jyotiba Phule

(b) Periyar

(c) B. R. Ambedkar

(d) M. K. Karunanidhi

**13.** पॉल एलेन, जिनका निधन अक्तूबर 2018 में हुआ, किसके सह-संस्थापक थे?

(a) ओरैकल

(b) आइ० बी० एम०

(c) माइक्रोसॉफ्ट

(d) सैप (SAP)

**14.** मोबाइल ऐप 'cVIGIL' सहायक है

(a) सरकारी कार्यालयों में निःशुल्क और उचित ई-टेंडरिंग प्रक्रिया को संचालित करने में

(b) लोक सेवाओं में भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में

(c) नगरपालिका क्षेत्रों से कूड़ा-कचरा हटाने में

(d) निर्वाचन-आबद्ध राज्यों में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के बारे में सूचना देने में

**15.** 'प्रहार' है

(a) एक युद्ध टैंक

(b) सतह से सतह पर मार करने वाली एक मिसाइल

(c) एक विमानवाहक

(d) एक पनडुब्बी

**16.** राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार, 2018 इनमें से किसे/किन्हें प्राप्त हुआ?

(a) विराट कोहली

(b) एस० मीराबाई चानू और विराट कोहली

(c) नीरज चोपड़ा

(d) हीमा दास और नीरज चोपड़ा

**17.** पाक्योंग विमानपत्तन कहाँ स्थित है?

(a) सिक्किम

(b) जम्मू और कश्मीर

(c) अरुणाचल प्रदेश

(d) मिज़ोरम

**18.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 15 जुलाई

(b) 15 अगस्त

(c) 15 सितम्बर

(d) 15 अक्तूबर

**19.** इनमें से कौन वह पहला भारतीय है जिसे पुलित्ज़र पुरस्कार प्राप्त हुआ है?

(a) अरुंधति रॉय

(b) गोविन्द बिहारी लाल

(c) विजय शेषाद्रि

(d) झुम्पा लाहिड़ी

13. Paul Allen, who died in October 2018, was the co-founder of

*(a)* Oracle

*(b)* IBM

*(c)* Microsoft

*(d)* SAP

14. The mobile app 'cVIGIL' is helpful in

*(a)* conducting free and fair e-tendering process in government offices

*(b)* fighting against corruption in public services

*(c)* removing garbage from the municipal areas

*(d)* reporting violation of model code of conduct in election-bound States

15. 'Prahaar' is

*(a)* a battle tank

*(b)* a surface-to-surface missile

*(c)* an aircraft carrier

*(d)* a submarine

16. Who among the following is/are the recipient/recipients of Rajiv Gandhi Khel Ratna Award, 2018?

*(a)* Virat Kohli

*(b)* S. Mirabai Chanu and Virat Kohli

*(c)* Neeraj Chopra

*(d)* Hima Das and Neeraj Chopra

17. Pakyong Airport is located in

*(a)* Sikkim

*(b)* Jammu and Kashmir

*(c)* Arunachal Pradesh

*(d)* Mizoram

18. The United Nations has been observing International Day of Rural Women on

*(a)* 15th July

*(b)* 15th August

*(c)* 15th September

*(d)* 15th October

19. Who among the following is the first Indian to win Pulitzer Prize?

*(a)* Arundhati Roy

*(b)* Gobind Behari Lal

*(c)* Vijay Seshadri

*(d)* Jhumpa Lahiri

**20.** सौरभ चौधरी निम्नलिखित में से किस खेल में अग्रगण्य हैं?

(a) तीरंदाज़ी

(b) निशानेबाज़ी

(c) मुक्केबाज़ी

(d) जूडो

**21.** माँग के नियम में निम्नलिखित में से कौन-सी एक पूर्वधारणा **नहीं** है?

(a) उपभोक्ता की रुचि और वरीयता में कोई बदलाव नहीं होता है।

(b) उपभोक्ता की आय नियत (सतत) बनी रहती है।

(c) उपभोक्ता प्रदर्शन प्रभाव से प्रभावित होते हैं।

(d) स्थानापन्न वस्तुओं के दाम में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) जब पूर्ण उपयोगिता अधिकतम होती है, सीमांत उपयोगिता शून्य होती है।

(b) जब पूर्ण उपयोगिता घटती है, सीमांत उपयोगिता नकारात्मक होती है।

(c) जब पूर्ण उपयोगिता बढ़ती है, सीमांत उपयोगिता सकारात्मक होती है।

(d) जब पूर्ण उपयोगिता अधिकतम होती है, सीमांत और औसत उपयोगिता एक-दूसरे के बराबर होती हैं।

**23.** उदासीनता वक्रों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उदासीनता वक्र, उद्गम (मूल) की ओर उत्तल हैं।
2. उच्चतर उदासीनता वक्र, उच्च-स्तरीय तुष्टि दर्शाता है।
3. दो उदासीनता वक्र एक-दूसरे को काटते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

**24.** एक संयुक्त पूँजी कंपनी (ज्वॉइंट-स्टॉक कंपनी) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका एक कानूनी अस्तित्व होता है।
2. शेयरधारकों का सीमित दायित्व होता है।
3. इसका एक लोकतंत्रीय प्रबंधन होता है।
4. इसका एक सामूहिक स्वामित्व होता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**20.** Saurabh Chaudhary excels in which one of the following sports?

(a) Archery

(b) Shooting

(c) Boxing

(d) Judo

**21.** Which one of the following is ***not*** an assumption in the law of demand?

(a) There are no changes in the taste and preferences of consumers.

(b) Income of consumers remains constant.

(c) Consumers are affected by demonstration effect.

(d) There are no changes in the price of substitute goods.

**22.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

(a) When total utility is maximum, marginal utility is zero.

(b) When total utility is decreasing, marginal utility is negative.

(c) When total utility is increasing, marginal utility is positive.

(d) When total utility is maximum, marginal and average utility are equal to each other.

**23.** Consider the following statements about indifference curves :

1. Indifference curves are convex to the origin.
2. Higher indifference curve represents higher level of satisfaction.
3. Two indifference curves cut each other.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 3 only

**24.** Consider the following statements about a joint-stock company :

1. It has a legal existence.
2. There is limited liability of share-holders.
3. It has a democratic management.
4. It has a collective ownership.

Which of the statements given above are correct?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

25. जब कोई वस्तु अथवा उत्पादित कारक, उनके मूल्य पर ध्यान दिए बिना, मात्रा में पूर्णतः निश्चित होते हैं, तो आपूर्ति (सप्लाई) वक्र होता है

(a) क्षैतिज

(b) नीचे की ओर दायीं तरफ झुका हुआ

(c) ऊर्ध्वाधर

(d) ऊपर की ओर दायीं तरफ झुका हुआ

26. 1870 के दशक में बम्बई सचिवालय का अभिकल्प (डिज़ाइन) किसने तैयार किया?

(a) एच० सेंट क्लेयर विल्किन्स

(b) सर कावसजी जहाँगीर रेडीमनी

(c) पुरुषोत्तमदास ठाकुरदास

(d) नुसीरवानजी टाटा

27. कलकत्ता में महाकाली पाठशाला की संस्थापिका कौन थीं?

(a) संत माताजी महारानी तपस्विनी

(b) सिस्टर निवेदिता

(c) मैडम ब्लवात्स्की

(d) सरोजिनी नायडू

28. किस यूरोपीय शासक ने यह अवलोकित किया, "ध्यान में रखो कि भारत का वाणिज्य विश्व का वाणिज्य है ... जो भी इस पर पूरी तरह से नियंत्रण रखेगा, वही यूरोप का अधिनायक होगा"?

(a) महारानी विक्टोरिया

(b) रूस का पीटर द ग्रेट

(c) नेपोलियन बोनापार्ट

(d) गुस्ताव II एडॉल्फ

29. किस यूरोपीय यात्री ने यह अवलोकित किया, "एक हिन्दू स्त्री कहीं भी अकेली जा सकती है, यहाँ तक कि सबसे अधिक भीड़-भाड़ वाली जगहों में भी, और उसे कभी भी निकम्मे आवारागर्दों की गुस्ताख़ नज़रों एवं परिहासों से डरने की आवश्यकता नहीं है"?

(a) फ्रैंकोइस बर्नियर

(b) जीन-बैपटिस्ट टेवर्नियर

(c) थॉमस रो

(d) अबे जे० ए० डबॉइस

30. पुस्तक, प्लेग्स ऐंड पीपल्स (*Plagues and Peoples*) का लेखक कौन है?

(a) डब्ल्यू० एल० थॉमस

(b) राहेल कार्सन

(c) डेविड कैनाडीन

(d) विलियम एच० मैकनेल

25. When some goods or productive factors are completely fixed in amount, regardless of price, the supply curve is

(a) horizontal

(b) downward sloping to the right

(c) vertical

(d) upward sloping to the right

26. Who designed the Bombay Secretariat in the 1870s?

(a) H. St. Clair Wilkins

(b) Sir Cowasjee Jehangir Readymoney

(c) Purushottamdas Thakurdas

(d) Nusserwanji Tata

27. Who was the founder of Mahakali Pathshala in Calcutta?

(a) Her Holiness Mataji Maharani Tapaswini

(b) Sister Nivedita

(c) Madame Blavatsky

(d) Sarojini Naidu

28. Which European ruler had observed, "Bear in mind that the commerce of India is the commerce of the world ... he who can exclusively command it is the dictator of Europe"?

(a) Queen Victoria

(b) Peter the Great of Russia

(c) Napoleon Bonaparte

(d) Gustav II Adolf

29. Which European traveller had observed, "A Hindu woman can go anywhere alone, even in the most crowded places, and she need never fear the impertinent looks and jokes of idle loungers"?

(a) Francois Bernier

(b) Jean-Baptiste Tavernier

(c) Thomas Roe

(d) Abbe J. A. Dubois

30. Who was the author of the book, *Plagues and Peoples*?

(a) W. L. Thomas

(b) Rachel Carson

(c) David Cannadine

(d) William H. McNeill

31. किस भारतीय समाजशास्त्री ने यह तर्क दिया कि एक सदृश हिन्दुत्व के विचार का निर्माण 'पश्च-ज्ञानोदय यूरोप के सांस्कृतिक अहंकार' के द्वारा हुआ है?

(a) आशीष नन्दी

(b) पार्थ चटर्जी

(c) टी० के० ओमेन

(d) रजनी कोठारी

32. 'उप-मुख्य संकट (सब-प्राइम क्राइसिस)' शब्द निम्नलिखित में से किस घटना से संबंधित है?

(a) आर्थिक मंदी

(b) राजनीतिक अस्थिरता

(c) संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम

(d) बढ़ती सामाजिक असमानता

33. 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम द्वारा लाया गया एक परिवर्तन निम्नलिखित में से कौन-सा **नहीं** है?

(a) एक अंतरिम संविधान प्रदान करने के लिए भारत सरकार अधिनियम, 1935 को संशोधित किया गया था।

(b) भारत की अधीनता को समाप्त किया गया।

(c) नये संविधान के निर्माण तक सत्ता का स्रोत राजमुकुट था।

(d) भारतीय अधिराज्य का सांविधानिक प्रमुख गवर्नर-जनरल था।

34. राज्य विधानमंडल में विधान परिषद् के उपबंध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) बिहार एवं तेलंगाना राज्य में विधान परिषद् हैं।

(b) किसी राज्य के विधान परिषद् में सदस्यों की कुल संख्या, विधान सभा में सदस्यों की कुल संख्या के एक-तिहाई से अधिक नहीं होगी।

(c) कुल सदस्यों का बारहवाँ अंश, स्थानीय निकायों और सत्ताओं से मिलकर बने निर्वाचक-मंडलों द्वारा निर्वाचित होगा।

(d) कुल सदस्यों का बारहवाँ अंश, राज्य में निवास कर रहे स्नातकों द्वारा निर्वाचित होगा।

35. भारत के संविधान के भाग IX में किए गए निर्धारण के अनुसार, पंचायतों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

(a) पंचायतों की बैठकों में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए किसी पंचायत के अध्यक्ष को जनता द्वारा प्रत्यक्ष निर्वाचित किए जाने की आवश्यकता है।

(b) राज्य विधानमंडल को यह निर्णय लेने का अधिकार है कि पंचायतों में अध्यक्षों के पदों को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अथवा महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाए अथवा नहीं।

(c) प्रत्येक पंचायत पाँच वर्षों की अवधि तक बनी रहेगी, अगर पहले भंग न हुई हो।

(d) राज्य विधानमंडल विधि द्वारा पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण/लेखापरीक्षण के लिए उपबंध बना सकता है।

31. Which Indian social theorist had argued that the idea of a homogenized Hinduism was constructed through the 'cultural arrogance of post-enlightenment Europe'?

*(a)* Ashis Nandy

*(b)* Partha Chatterjee

*(c)* T. K. Oommen

*(d)* Rajni Kothari

32. 'Sub-prime crisis' is a term associated with which one of the following events?

*(a)* Economic recession

*(b)* Political instability

*(c)* Structural adjustment programmes

*(d)* Growing social inequality

33. Which one of the following is ***not*** a change brought about by the Indian Independence Act of 1947?

*(a)* The Government of India Act, 1935 was amended to provide an interim Constitution.

*(b)* India ceased to be a dependency.

*(c)* The Crown was the source of authority till new Constitution was framed.

*(d)* The Governor-General was the constitutional head of Indian Dominion.

34. Which one of the following is ***not*** a correct statement regarding the provision of Legislative Council in the State Legislature?

*(a)* The States of Bihar and Telangana have Legislative Councils.

*(b)* The total number of members in the Legislative Council of a State shall not exceed one-third of the total number of members in the Legislative Assembly.

*(c)* One-twelfth of all members shall be elected by electorates consisting of local bodies and authorities.

*(d)* One-twelfth of all members shall be elected by graduates residing in the State.

35. Which one of the following is ***not*** correct about the Panchayats as laid down in Part IX of the Constitution of India?

*(a)* The Chairperson of a Panchayat needs to be directly elected by people in order to exercise the right to vote in the Panchayat meetings.

*(b)* The State Legislature has the right to decide whether or not offices of the Chairpersons in the Panchayats are reserved for SCs, STs or women.

*(c)* Unless dissolved earlier, every Panchayat continues for a period of five years.

*(d)* The State Legislature may by law make provisions for audit of accounts of the Panchayats.

**36.** प्रशासनिक न्यायाधिकरणों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

*(a)* संसद, विधि द्वारा संघ एवं राज्य, दोनों ही स्तरों पर प्रशासनिक न्यायाधिकरणों का गठन कर सकती है।

*(b)* लोक सेवाओं के लिए नियुक्त किए गए व्यक्तियों की सेवा शर्तों तथा भर्ती से संबंधित शिकायतों एवं विवादों की जाँच-पड़ताल न्यायाधिकरण कर सकते हैं।

*(c)* संसद के कानून द्वारा स्थापित न्यायाधिकरण, अपील करने की विशेष इजाज़त देने के लिए, सभी न्यायालयों के क्षेत्राधिकार को अपवर्जित कर सकते हैं।

*(d)* न्यायाधिकरणों की स्थापना करने वाला कानून, प्रक्रियाओं के लिए उपबंध कर सकता है, जिसमें अनुसरण किए जाने के लिए साक्ष्य के नियम भी शामिल हैं।

**37.** एक ऐसी बाजार परिस्थिति, जिसमें बहुत-सी कंपनियाँ मिलते-जुलते किन्तु असर्वसम (समरूप नहीं) उत्पाद बेचती हैं, कहलाती है

*(a)* आदर्श (पूर्ण) प्रतियोगिता

*(b)* त्रुटिपूर्ण (सदोष) प्रतियोगिता

*(c)* एकाधिकारी प्रतियोगिता

*(d)* अल्पाधिकार

**38.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 2017–18 के दौरान भारत में मुद्रास्फीति संतुलित रही है।
2. खाद्य-संबंधी मुद्रास्फीति, विशेषकर दालों एवं सब्जियों में, इस दौरान उल्लेखनीय कमी रही।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्राक्कल्पना यह मानती है कि किसी भी समय-अवधि में व्यक्ति उपभोग उस व्यक्ति के लिए उपलब्ध संसाधनों, उसकी पूँजी पर प्रतिलाभ की दर तथा उस व्यक्ति की उम्र पर निर्भर करती है?

*(a)* निरपेक्ष आय प्राक्कल्पना

*(b)* सापेक्ष आय प्राक्कल्पना

*(c)* जीवन-चक्र प्राक्कल्पना

*(d)* स्थायी आय प्राक्कल्पना

**40.** जॉन मेनार्ड कीन्स के अनुसार रोजगार निर्भर करता है

*(a)* समग्र माँग पर

*(b)* समग्र पूर्ति पर

*(c)* प्रभावी माँग पर

*(d)* ब्याज की दर पर

36. Which one of the following is ***not*** correct about Administrative Tribunals?

*(a)* The Parliament may by law constitute Administrative Tribunals both at the Union and State levels.

*(b)* Tribunals may look into disputes and complaints with respect to recruitment and conditions of service of persons appointed to public services.

*(c)* Tribunals established by a law of the Parliament can exclude the jurisdiction of all Courts to allow for special leave to appeal.

*(d)* The law establishing the Tribunals may provide for procedures including rules of evidence to be followed.

37. A market situation when many firms sell similar but not identical products is termed as

*(a)* perfect competition

*(b)* imperfect competition

*(c)* monopolistic competition

*(d)* oligopoly

38. Consider the following statements :

1. Inflation in India continued to be moderate during 2017–18.
2. There was significant reduction in food inflation, particularly pulses and vegetables during the period.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

39. Which one of the following hypotheses postulates that individual's consumption in any time period depends upon resources available to the individual, rate of return on his capital and age of the individual?

*(a)* Absolute Income Hypothesis

*(b)* Relative Income Hypothesis

*(c)* Life Cycle Hypothesis

*(d)* Permanent Income Hypothesis

40. According to John Maynard Keynes, employment depends upon

*(a)* aggregate demand

*(b)* aggregate supply

*(c)* effective demand

*(d)* rate of interest

**41.** करारोपण के निम्नलिखित में से किस सिद्धांत का पक्षसमर्थन एडम स्मिथ द्वारा **नहीं** किया गया था?

*(a)* समानता का सिद्धांत

*(b)* निश्चितता का सिद्धांत

*(c)* सुविधा का सिद्धांत

*(d)* राजकोषीय पर्याप्तता का सिद्धांत

**42.** कलनविधि (ऐल्गोरिद्म) के गणितीय शास्त्र के नामकरण का श्रेय, किस अरब वैज्ञानिक को दिया जा सकता है?

*(a)* अल-ख़्वारिज़्मी

*(b)* इब्न अल-हेथम

*(c)* इब्न रूश्द

*(d)* इब्न सीना

**43.** 1854 के केन्सास-नेब्रास्का अधिनियम के कारण निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम निकला?

*(a)* मिसौरी समझौता निरस्त किया गया तथा केन्सास एवं नेब्रास्का की जनता को यह निर्धारित करने की अनुमति दी गई कि उन्हें गुलाम रखने चाहिए अथवा नहीं।

*(b)* इस अधिनियम ने राज्यक्षेत्रों को दास-प्रथा के प्रश्न पर मताधिकार की अनुमति नहीं दी।

*(c)* दास-प्रथा के मुद्दे के संबंध में बहुमत की आवाज को दबा दिया गया था।

*(d)* दास-प्रथा पर निर्णय लेने का पूरा अधिकार संघीय सरकार के पास था।

**44.** 2007 के भारत-अमेरिकी नाभिकीय (परमाणु) समझौते के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा विषय शामिल किया गया था?

*(a)* भारत के पास यू० एस०-स्रोत सुरक्षित भुक्तशेष इंधन को 'पुनःसंसाधित करने का अग्रिम अधिकार' है।

*(b)* अन्य प्रदायक देशों की मदद से एक सामरिक इंधन संचय (रिज़र्व) बनाने का अधिकार भारत के पास नहीं होगा।

*(c)* भारत को नाभिकीय यंत्र का परीक्षण नहीं करना चाहिए।

*(d)* भारत के नाभिकीय (परमाणु) शस्त्र कार्यक्रम के विकास को अमेरिका रोकेगा।

**45.** भारत के संविधान के आलेखन (प्रारूपण) सदस्य के रूप में, अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. भारत के संविधान के निर्वचन से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णयों के लिए जाने में उच्चतम न्यायालय की भूमिका के वे पक्षधर थे।
2. उनका यह मानना था कि स्वतंत्रता और सामाजिक निग्रह के बीच उच्चतम न्यायालय को एक रेखा खींचनी पड़ेगी।
3. न्यायपालिका पर कार्यपालिका के प्रभुत्व में उनका विश्वास था।
4. वे शासन के एक अधिनायकीय स्वरूप के पक्षधर थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* 3 और 4

*(d)* 1, 2 और 4

41. Which one of the following canons of taxation was ***not*** advocated by Adam Smith?

(a) Canon of equality

(b) Canon of certainty

(c) Canon of convenience

(d) Canon of fiscal adequacy

42. Which Arab scientist could be given the credit of christening the mathematical discipline of algorithm?

(a) Al-Khwarizmi

(b) Ibn al-Haytham

(c) Ibn Rushd

(d) Ibn Sina

43. Which one of the following developments took place because of the Kansas-Nebraska Act of 1854?

(a) The Missouri Compromise was repealed and people of Kansas and Nebraska were allowed to determine whether they should own slaves or not.

(b) The Act did not permit the territories the right to vote over the question of slavery.

(c) The voice of the majority in regard to the issue of slavery was muzzled.

(d) The Federal Government had the sole authority to decide on slavery.

44. Which one of the following issues was included in the Indo-US Nuclear Agreement of 2007?

(a) India has 'advance right to reprocess' US-origin safeguarded spent fuel.

(b) India did not have the right to build a strategic fuel reserve with the help of the other supplier countries.

(c) India should not test a nuclear device.

(d) The US will impede the growth of India's nuclear weapons programme.

45. Which of the following statements about Alladi Krishnaswami Ayyar, as a drafting member of the Constitution of India, are correct?

1. He favoured the role of the Supreme Court in taking important decisions related to the interpretation of the Constitution of India.

2. He felt that the Supreme Court had to draw the line between liberty and social control.

3. He believed in the dominance of the executive over the judiciary.

4. He favoured a dictatorial form of governance.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 1, 2 and 4

**46.** संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी शांति स्थापन संचालनों (कार्यवाहियों) के मूल कार्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. स्थिरीकरण
2. शांति दृढ़ीकरण
3. किसी युद्ध में पराजित हो रहे राज्य को समर्थन देना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 1 और 2

**47.** दक्षिण चीन समुद्र विवाद में निम्नलिखित में से कौन-से देश शामिल हैं?

1. चीन
2. वियतनाम
3. मलेशिया
4. इंडोनेशिया

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 4

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

**48.** 'क्योटो प्रोटोकॉल' एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, जिसके पक्षकार राज्य किसमें कमी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं?

*(a)* गरीबी

*(b)* ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन

*(c)* नाभिकीय (परमाणु) शस्त्रीकरण

*(d)* कृषि उपदान

**49.** 'बीजिंग घोषणा' निम्नलिखित में से किस मुद्दे से संबंधित है?

*(a)* बालकों के अधिकार

*(b)* महिलाओं के अधिकार

*(c)* प्रगति का अधिकार

*(d)* प्रशुल्क में कटौती

**50.** 'गुजराल सिद्धांत' निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित है?

*(a)* भारत और इसके पड़ोसियों के बीच भरोसा कायम करना

*(b)* भारत में सभी विद्रोही समूहों के साथ संवाद आरंभ करना

*(c)* नक्सल-वर्चस्व क्षेत्रों में विकास की गतिविधियों का बीड़ा उठाना

*(d)* खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना

46. Which of the following are the core functions of the United Nations multidimensional peacekeeping operations?

1. Stabilization
2. Peace consolidation
3. To extend support to a losing State in a war

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1 and 2 only

47. The South China Sea Dispute involves which of the following countries?

1. China
2. Vietnam
3. Malaysia
4. Indonesia

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 4

(b) 1 and 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2, 3 and 4

48. The 'Kyoto Protocol' is an international treaty that commits State parties to reduction in

(a) poverty

(b) greenhouse gases emission

(c) nuclear armaments

(d) agricultural subsidy

49. The 'Beijing Declaration' is concerned with which one of the following issues?

(a) Rights of children

(b) Rights of women

(c) Right to development

(d) Reduction of tariffs

50. The 'Gujral Doctrine' relates to which one of the following issues?

(a) Build trust between India and its neighbours

(b) Initiate dialogue with all insurgent groups in India

(c) Undertake development activities in Naxal-dominated areas

(d) Ensure food security

51. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (यौगिक/अणु) | सूची–II (अणु का आकार) |
|---|---|
| A. $CH_3F$ | 1. त्रिकोणीय समतली |
| B. HCHO | 2. चतुष्फलकीय |
| C. HCN | 3. त्रिकोणीय पिरामिडी |
| D. $NH_3$ | 4. रैखिक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(d)* | 3 | 1 | 4 | 2 |

52. किसी द्रव में अविलेय अति सूक्ष्म कणों को द्रव से अलग करने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?

*(a)* क्रिस्टलीकरण

*(b)* प्रभाजी आसवन

*(c)* अपकेन्द्रीकरण

*(d)* निस्तारण

53. निम्नलिखित में से किस तत्त्व का पता 'लैसें परीक्षण' द्वारा **नहीं** लगाया जा सकता है?

*(a)* I

*(b)* Cl

*(c)* S

*(d)* F

54. निम्नलिखित में से किसमें प्रकार्यक समूह समावयवता संभव **नहीं** है?

*(a)* ऐल्कोहॉल

*(b)* ऐल्डिहाइड

*(c)* ऐल्किल हैलाइड

*(d)* सायनाइड

55. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* फिशर प्रक्षेपण, अणु को एक ग्रसित संरूपण में दर्शाता है।

*(b)* न्यूमैन प्रक्षेपण को ग्रसित, सांतरित और विषमतलीय संरूपणों में दर्शाया जा सकता है।

*(c)* अणु का फिशर प्रक्षेपण उसका सर्वाधिक स्थायी संरूपण होता है।

*(d)* सॉहॉर्स प्रक्षेपण में रेखाएँ एक-दूसरे से 120° के कोण पर आनत होती हैं।

51. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List–I (Compound/Molecule) | List–II (Shape of Molecule) |
|---|---|
| A. $CH_3F$ | 1. Trigonal planar |
| B. HCHO | 2. Tetrahedral |
| C. HCN | 3. Trigonal pyramidal |
| D. $NH_3$ | 4. Linear |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(d)* | 3 | 1 | 4 | 2 |

52. Very small insoluble particles in a liquid may be separated from it by using

*(a)* crystallization

*(b)* fractional distillation

*(c)* centrifugation

*(d)* decantation

53. Which one of the following elements ***cannot*** be detected by "Lassaigne's test"?

*(a)* I

*(b)* Cl

*(c)* S

*(d)* F

54. In which of the following, functional group isomerism is ***not*** possible?

*(a)* Alcohols

*(b)* Aldehydes

*(c)* Alkyl halides

*(d)* Cyanides

55. Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Fischer projection represents the molecule in an eclipsed conformation.

*(b)* Newman projection can be represented in eclipsed, staggered and skew conformations.

*(c)* Fischer projection of the molecule is its most stable conformation.

*(d)* In Sawhorse projections, the lines are inclined at an angle of 120° to each other.

**56.** नायलॉन 6 के संश्लेषण के लिए कौन-सा/से एकलक प्रयुक्त होता/होते है/हैं?

(a) हेक्सामेथिलीनडाइएमीन और ऐडिपिक अम्ल

(b) कैप्रोलैक्टम

(c) यूरिया और फॉर्मल्डीहाइड

(d) फीनोल और फॉर्मल्डीहाइड

**57.** निम्नलिखित में से कौन-सा तारा (स्टार) पृथ्वी के सर्वाधिक समीप है?

(a) लुब्धक (सिरिअस)

(b) स्वाति (आर्कट्यूरस)

(c) स्पाइका

(d) प्रॉक्सिमा सेन्टॉरी

**58.** हमारे सौरमंडल के निम्नलिखित में से किस ग्रह का द्रव्यमान न्यूनतम है?

(a) वरुण (नेप्ट्यून)

(b) बृहस्पति (जूपिटर)

(c) मंगल (मार्स)

(d) बुध (मर्क्युरि)

**59.** दो समरूप ठोस टुकड़े, एक स्वर्ण का और दूसरा चाँदी का, जब पानी में पूरी तरह से डुबोये जाते हैं, तो वे एकसमान (बराबर) भार दर्शाते हैं। वायु में तौले जाने पर (दिया गया है कि स्वर्ण का घनत्व, चाँदी के घनत्व से अधिक है)

(a) स्वर्ण के टुकड़े का भार अधिक होगा

(b) चाँदी के टुकड़े का भार अधिक होगा

(c) चाँदी तथा स्वर्ण दोनों ही टुकड़ों का भार बराबर होगा

(d) तौलना उनके द्रव्यमानों पर निर्भर करेगा

**60.** यदि पराबैंगनी, दृश्य तथा अवरक्त विकिरणों के तरंगदैर्घ्य क्रमशः $\lambda_{UV}$, $\lambda_{VIS}$ तथा $\lambda_{IR}$ से दर्शाए गए हैं, तो इन तरंगदैर्घ्यों के बीच सही संबंध निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) $\lambda_{UV} < \lambda_{IR} < \lambda_{VIS}$

(b) $\lambda_{UV} > \lambda_{VIS} > \lambda_{IR}$

(c) $\lambda_{UV} > \lambda_{IR} > \lambda_{VIS}$

(d) $\lambda_{UV} < \lambda_{VIS} < \lambda_{IR}$

56. The monomer/monomers used for the synthesis of Nylon 6 is/are

(a) hexamethylenediamine and adipic acid

(b) caprolactam

(c) urea and formaldehyde

(d) phenol and formaldehyde

57. Which one among the following stars is nearest to the earth?

(a) Sirius

(b) Arcturus

(c) Spica

(d) Proxima Centauri

58. Which of the following planets of our solar system has least mass?

(a) Neptune

(b) Jupiter

(c) Mars

(d) Mercury

59. Two identical solid pieces, one of gold and other of silver, when immersed completely in water exhibit equal weights. When weighed in air (given that density of gold is greater than that of silver)

(a) the gold piece will weigh more

(b) the silver piece will weigh more

(c) both silver and gold pieces weigh equal

(d) weighing will depend on their masses

60. If the wavelengths corresponding to ultraviolet, visible and infrared radiations are given as $\lambda_{UV}$, $\lambda_{VIS}$ and $\lambda_{IR}$ respectively, then which one of the following gives the correct relationship among these wavelengths?

(a) $\lambda_{UV} < \lambda_{IR} < \lambda_{VIS}$

(b) $\lambda_{UV} > \lambda_{VIS} > \lambda_{IR}$

(c) $\lambda_{UV} > \lambda_{IR} > \lambda_{VIS}$

(d) $\lambda_{UV} < \lambda_{VIS} < \lambda_{IR}$

61. विरामावस्था से आरंभ करके एक इलेक्ट्रॉन तथा एक प्रोटॉन 100 kV के विभवांतर द्वारा त्वरित होते हैं। इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन की अंतिम चाल क्रमशः $V_e$ तथा $V_p$ हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध सही है?

(a) $V_e > V_p$

(b) $V_e < V_p$

(c) $V_e = V_p$

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

62. यदि दो सदिशों $\vec{A}$ तथा $\vec{B}$ के बीच का कोण $\theta \neq 0°$ है, तो

(a) $|\vec{A}|+|\vec{B}|=|\vec{A}+\vec{B}|$

(b) $|\vec{A}|+|\vec{B}|>|\vec{A}+\vec{B}|$

(c) $|\vec{A}|+|\vec{B}|<|\vec{A}+\vec{B}|$

(d) $|\vec{A}|+|\vec{B}|=|\vec{A}-\vec{B}|$

63. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य चिकने अंतर्द्रव्यी जालिका द्वारा सम्पन्न **नहीं** होता है?

(a) द्रव्यों का अभिगमन

(b) लिपिड का संश्लेषण

(c) प्रोटीन का संश्लेषण

(d) स्टेरॉयड हॉर्मोन का संश्लेषण

64. निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक मुख्य रूप से पाचक एंजाइमों के संग्रहागार की तरह कार्य करता है?

(a) डेस्मोसोम

(b) राइबोसोम

(c) लाइसोसोम

(d) धानी

65. किसी पौधे के तने के घेरे को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक उत्तरदायी होता है?

(a) वाहिनिका

(b) परिरंभ

(c) अंतर्वेशी विभज्योतक

(d) पार्श्वीय विभज्योतक

66. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, पोषण की मृतजीविक विधि पर निर्भर होता है?

(a) *ऐगैरिकस*

(b) *यूलोथ्रिक्स*

(c) *रिक्सिया*

(d) *क्लैडोफोरा*

67. निम्नलिखित में से किसकी शारीरिक बनावट (संघटन) में एक द्विपार्श्विक समरूपता होती है?

(a) *ऐस्टीरिऐस*

(b) समुद्री ऐनिमोन

(c) *नेरीस*

(d) *इकाइनस* (तीक्ष्णवर्धी)

68. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, नियततापी प्राणियों का है?

(a) मकर तथा शुतुरमुर्ग

(b) हैगफिश तथा डॉगफिश

(c) कछुआ तथा शुतुरमुर्ग

(d) मोर तथा ऊँट

61. An electron and a proton starting from rest get accelerated through potential difference of 100 kV. The final speeds of the electron and the proton are $V_e$ and $V_p$ respectively. Which one of the following relations is correct?

(a) $V_e > V_p$

(b) $V_e < V_p$

(c) $V_e = V_p$

(d) Cannot be determined

62. If two vectors $\vec{A}$ and $\vec{B}$ are at an angle $\theta \neq 0°$, then

(a) $|\vec{A}|+|\vec{B}|=|\vec{A}+\vec{B}|$

(b) $|\vec{A}|+|\vec{B}|>|\vec{A}+\vec{B}|$

(c) $|\vec{A}|+|\vec{B}|<|\vec{A}+\vec{B}|$

(d) $|\vec{A}|+|\vec{B}|=|\vec{A}-\vec{B}|$

63. Which one of the following functions is ***not*** carried out by smooth endoplasmic reticulum?

(a) Transport of materials

(b) Synthesis of lipid

(c) Synthesis of protein

(d) Synthesis of steroid hormone

64. Which one of the following cell organelles mainly functions as storehouse of digestive enzymes?

(a) Desmosome

(b) Ribosome

(c) Lysosome

(d) Vacuoles

